**Deccan Herald**

**December 12, 2011, Pg -03**

Paper recycling

# Women on wheels for a cause




As many as 75 cars took part in the 50-km all-women car rally organised by Kalyanmayee. DH PHOTO

NEW DELHI: Over 140 women, including officers and family members of the Airports Authority of India (AAI), on Sunday took out a car rally to create awareness on the significance of recycling paper.

As many as 75 cars participated in the 50-km all-women car rally organised by Kalyanmayee, the Corporate Social Responsibility arm of the AAI.

Shalu Jindal, wife of Member of Parliament Navin Jindal, from Safdarjung airport, flagged off the event with the theme 'Passionate for Speed and Compassionate for Nature'.

"The rally was organised to create awareness on AAI's initiative on promotion of environmentally friendly recycled paper and its impact on our lives," said Archana Agrawal, president, Kalyanmayee.

The expense of stationery goods used by/in AAI has gone down by Rs 35 lakh per annum due to use of products made from recycled paper. The saved amount is channelised in other CSR initiatives, Agrawal added.

Simmi Narula, an employee of AAI, and her daughter Palak Narula, emerged winners. "I am excited to participate and win the rally, especially as it was for a cause," said Narula, who was in the driver's seat, while her daughter joined her as navigator.

The recycling unit in Vasanat Kunj area of South Delhi that employs 18 displaced people, recycles thousands of reams of paper being used by 125 airports and Air Traffic Control offices. The papers are converted into stylish letter pads, file covers, visiting cards, envelopes, calendars and corporate gifts.

"While we are trying to rope in other PSUs, the Ministry of Home Affairs and Rural Development has already approached the AAI to help them recycle old papers into new products," said Archana Agrawal.

DH News Service

**Dainik Jagran (Jagran City)**

**December 12, 2011, Pg -04**



कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना करती शालू जिंदल। जागरण

# महिला कार रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- कार रैली में 74 महिला चालकों ने लिया हिस्सा
- जागरुकता अभियान देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाने की है योजना

नई दिल्ली, जासं : कल्याणमयी-एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया वुमन वेलफेयर एसोसिएशन व मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महिला कार रैली का आयोजन किया गया है।

50 किलोमीटर लंबी इस कार रैली को एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ऑफिसर्स इंस्टिट्यूट के शालू जिंदल ने झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। कल्याणमयी की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि कार रैली में 74 महिला चालकों ने भाग लिया। कार रैली दक्षिण दिल्ली और विभिन्न देशों के दूतावासों से होती हुई ऑफिसर्स इंस्टिट्यूट पहुंची।

इन्वायमेंट फ्रेंडली रिसाइकल पेपर और जीवन पर इसके प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह रैली आयोजित की गई। रैली में संदेश दिया गया कि यदि चालक 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चलता है तो इससे पर्यावरण पर पड़ने प्रभाव काफी कम रहेगा। कल्याणमयी संस्था के माध्यम से यह जागरुकता अभियान देश के अन्य राज्यों तक भी पहुंचाने की योजना है। रैली में भाग लेने आई महिला ड्राइवरों ने इन्वायरमेंट फ्रेंडली रिसाइकल पेपर के प्रति जागरुकता को लेकर काफी उत्साह दिखाया। उन्होंने अपनी कार पर जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण तथा घटते जंगलों से होने वाले पर्यावरण के नुकसान जैसे संदेश देने वाले बैनर लगाए हुए थे।

greymatters

**Amar Ujala**

**December 12, 2011, Pg -04**



कार रैली में भाग लेने वाली विजेता महिलाएं।

## कार रैली से पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नई दिल्ली। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने पेपर रिसाइक्लिंग के महत्व को प्रचारित करने के उद्देश्य से रविवार को राजधानी में एक कार रैली निकाली। रैली में 75 कार शामिल हुईं और इस रैली के तहत 50 किलोमीटर का रास्ता तय किया गया। इस रैली की थीम थीः पेशनेट फॉर स्पीड एंड कंपेशनेट फॉर नंबर।

kalyanmayee

**Aaj Samaj**

**December 12, 2011, Pg -03**

कल्याणमयी नें आयोजित की 75 कारों की रैली

# पर्यावरण बचाने के लिए मुहिम

अपनी किस्म की इस पहली रैली में 140 महिलाओं ने शहर को पेपर रिसाइकलिंग का संदेश दिया।

आज समाज, नई दिल्ली






एक दुर्लभ आयोजन में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने पेपर रिसाइकलिंग के महत्व को प्रचारित करने के लिए रविवार को एक कार रैली निकाली। 75 कारों की इस रैली ने 50 किलोमीटर का फासला तय किया। यह कार्यक्रम प्राधिकरण की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा 'कल्याणमयी' ने आयोजित किया। इस रैली की थीम है- 'पैशनेट फॉर स्पीड ऐंड कम्पैशनेट फॉर नेचर'। यह रैली भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की एक खास पहल का हिस्सा है, इसके जरिए हम पेपर रिसाइकलिंग को प्रोत्साहन दे रहे हैं ताकि लोग यह जान सकें कि यह पर्यावरण के अनुकूल है और हमारी रोजाना की जिंदगी को प्रभावित करती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन श्री वीपी अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बेहतर तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारत में सार्वजनिक क्षेत्र का ऐसा पहला संगठन बन गया है जिसने पेपर रिसाइकलिंग यूनिट की स्थापना की है और यह यूनिट प्राधिकरण का गौरव है। इस पेपर यूनिट में देश भर में मौजूद प्राधिकरण के दफ्तरों से आए कागजी कचरे को रिसाइकिल करके उपयोगी स्टेशनरी जैसे फाइल कवर, फाइल फोल्डर, विजिटिंग कार्ड, लिफाफों, लैटर हैड्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट, कैलेंडर तथा अन्य कई कागजी उत्पादों में बदल दया जाता है। पहले कागजी कचरे को फेंक या बेच दिया जाता था। अब हमारी पेपर रिसाइकलिंग यूनिट देश भर में स्थित प्राधिकरण के सभी दफ्तरों की पेपर स्टेशनरी की जरूरतों को पूरा करती है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सभी हवाई अड्डों का संरक्षक है। देश में मौजूद कुल 125 हवाई अड्डों व एयर ट्रैफिक कंट्रोल कार्यालयों में रिम कागज इस्तेमाल होता है। इनसे उत्पन्न कचरे को रोजाना रिसाइकिल करके बढ़िया लैटर पैड, फाइल कवर, विजिटिंग कार्ड, लिफाफों, कैलेंडरों और कॉर्पोरेट तोहफों में बदल दिया जाता है।